आप परमेश्वर की एक संतान हो।

परमेश्वर को आप पर विश्वास है।

चैंपियन्स् इस पर विश्वास करते हैं, यद्यपि कोई अन्य ऐसा नहीं करता।

''बच्चों को मेरे पास आने दो और उन्हें मना मत करो, क्योंकि परमेश्वर का राज्य ऐसों ही का है।''
मरकुस 10:14

मैं एक चैंपियन क्यों हूं?

मैं एक चैंपियन इसलिए हूं क्योंकि मैं वह काम करने की इच्छा रखता हूं जो आप नहीं करते। मैं अपने जीवन के पाप से लडूंगा। मैं तब भी त्याग करूंगा जबकि कोई भी नहीं देख रहा है।

मैं किसी डर, असुरक्षा या संदेह से पीछे नहीं हटूंगा।

मैं उन भावनाओं को महसूस कर सकता हूं, लेकिन मुझे पता है कि मैं परमेश्वर की एक संतान हूं।

मैं परमेश्वर को प्रसन्न करने के द्वारा प्रेरित होता हूं। घमंड़ कमजोर को निगल जाता है और उनके हृदय को अंदर से मार डालता है।

मैं पाप के विरूद्ध लड़ने के लिए बेहतर होने से कभी नहीं रूकूंगा।

यदि मैं गिर जाऊं, तौभी मैं उठ खड़ा हूंगा। यदि मैं हार भी जाऊं तौभी वापस लौट आऊंगा।

''मनुष्य का पुत्र अपने स्वर्गदूतों के साथ अपने पिता की महिमा में आएगा, और उस समय 'वह हर एक को उसके कामों के अनुसार प्रतिफल देगा।''
मत्ती 16:27

मैं कभी हार नहीं मानूंगा। कभी नहीं।

इसीलिए मैं एक चैंपियन हूं।

एक चैंपियन बनना, काफी मुश्किल होता है।

इसमें समय लगता है।

इसमें इच्छाशक्ति की जरूरत होती है।

इसमें त्याग की आवश्यकता होती है।

आपको अपने सर्वोच्च तक अपने आपको धकेलना होता है। कई प्रकार के प्रलोभन होंगे।

लेकिन मेरा वादा है कि जब आप अपने लक्ष्य पर पहुंच जाएंगे, तो आपको उसका पूरा प्रतिफल मिलेगा।

''हर एक पहलवान सब प्रकार का संयम रखता है; वे तो एक मुरझानेवाले मुकुट को पाने के लिये यह सब करते हैं, परन्तु हम तो उस मुकुट के लिए करते हैं जो मुरझाने का नहीं।'' 1 कुरिन्थियों 9:25

हमारी वही सीमाएं होती हैं

जो हम स्वयं अपने लिए तय करते हैं।

(यीशु ने कहा) ... ''क्योंकि मैं तुम से सच कहता हूं यदि तुम्हारा विश्वास राई के दाने के बराबर भी हो, तो इस पहाड़ से कह सकोगे, 'यहां से सरककर वहां चला जा', तो वह चला जाएगा; और कोई बात तुम्हारे लिये असंभव न होगी।'' मत्ती 17:20